# जिले में बदले गए कांग्रेस के प्रभारी-सह प्रभारी, सौंपे दायित्व

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 27 मार्च।** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत संगठन में कसावट लाने के लिए कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने जिला प्रभारी एवं सह प्रभारी के दायित्व नवीन पदाधिकारियों को सौंपे है।

**प्रदेशाध्यक्ष ने की निर्वतमान प्रभारियों के कार्य की सराहना**

कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर, शहर जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष श्री पटवारी ने प्रदेशभर में संगठन को मजबूत बनाने के लिए नवीन पदाधिकारियों को जिला प्रभारी एवं सह प्रभारियों के दायित्व सौंपे है। इसी क्रम में मुरैना जिले के प्रभारी का दायित्व सुनील शर्मा, सह प्रभारी-अनुरुद्ध सिंह को सौंपा गया है। विधायक दिनेश गुर्जर को श्योपुर प्रभारी, रामहरि शर्मा को सह प्रभारी, भगवान सिंह तोमर को दतिया का प्रभारी और सोनू कुशवाह को सह प्रभारी, भिण्ड का प्रभारी वासुदेव शर्मा और सह प्रभारी अमित राय को बनाया गया है। इसी प्रकार ग्वालियर जिले के प्रभारी बैजनाथ कुशवाह, सह प्रभारी पंजाब सिंह यादव बनाए गए है। जिलाध्यक्षद्वय ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष श्री पटवारी ने नवीन दायित्वों की घोषणा के साथ ही निर्वतमान प्रभारी एवं सह प्रभारियों के कार्यों की भी भरपूर सराहना की है।

## चुनाव प्रचार में शामिल नहीं हो सकेंगे शासकीय कर्मचारी

**मुरैना, 27 मार्च।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अंकित अस्थाना ने चुनावी प्रक्रिया के दौरान शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आदर्श आचरण संहिता का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि चुनाव के दौरान शासकीय सेवकों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचरण संहिता में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा तथा अपने आचरण एवं व्यवहार में पूर्ण निष्पक्षता बरतनी होगी। शासकीय कर्मचारियों को चुनाव में न केवल निष्पक्ष रहना चाहिये, बल्कि जनता को उनकी निष्पक्षता का विश्वास भी होना चाहिए। उन्हें ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिएए जिससे ऐसी शंका हो कि वे किसी दल या उम्मीदवार की मदद कर रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि शासकीय कर्मचारी किसी भी प्रकार चुनाव प्रचार या अभियान में भाग नहीं ले सकेंगे, जिससे उनकी अधिकारिता या पद का लाभ कोई दल या उम्मीदवार न ले सकें। कोई भी शासकीय सेवक निर्वाचन अभिकर्ता, मतदान अभिकर्ता या गणना अभिकर्ता के रूप में कार्य नहीं कर सकेगा।

# विश्व कल्याण के लिए अंबाह में कल्याण मंदिर विधान कल



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/अंबाह, 27 मार्च।** कस्बा अंबाह के दिगंबर जैन पार्श्वनाथ मंदिर परेड चौराहे में पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा के समक्ष कल्याण मंदिर विधान का आयोजन कल 29 मार्च को होगा। आयोजन जैन साध्वी विश्रेय श्री माता जी के सानिध्य में विश्व शांति हेतु किया जा रहा है।

विधान का आयोजन शुक्रवार को प्रात: 7 बजे किया जाएगा। आयोजन का महत्व बताते हुए जैन साध्वी विश्रेय श्री माता जी ने बताया कि भगवान की प्रतिमा पर अभिषेक व विश्व शांतिधारा उपरांत यह विधान होगा। माताजी ने कहा कि यह कल्याण मंदिर विधान सर्व उपद्रव को नष्ट करने वाला व सर्व सिद्धि दायक विधान है। यह विधान सातिशय पुण्यवर्धक है। उन्होंने कहा कि इसमें हम भावना पाते है कि हमारा जीवन कल्याण का मंदिर बन जाए। हम भगवान की भक्ति करते समय एक ही भावना भाते है कि मेरा कल्याण हो, जग का कल्याण हो। उन्होंने कहा कि भव-भव में हमने विराधना की अब सम्यक आराधना हो जाएं। दर्शन हो तो ऐसा की दृष्टि में बस जाएं, उन्होंने कहा कि सच्चा भक्त चमत्कार को नमस्कार नहीं करता, बल्कि नमस्कार में चमत्कार देखता है। जिसकी दृष्टि में प्रभु का वास हो, वह सम्यक दृष्टि होता है। माता जी ने कहा कि प्रभु के पास सम्यक दर्शन मिलता है, जिनवाणी के पास ज्ञान मिलता है व गुरुओं के पास सम्यक चारित्र मिलता है और तीनों एक साथ मिल जाएं तो रत्नत्रय का फूल खिलता है। उन्होंने सभी भक्तों से विधान में शामिल होने की अपील की।

## टोल फ्री नंबर 1950 पर दे सकेंगे चुनाव संबंधी सूचनाएं

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 27 मार्च।** लोकसभा निर्वाचन के दौरान शिकायतों के निराकरण के लिये प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। राज्य स्तर पर संचालित कॉल सेंटर का टोल फ्री नम्बर 1950 पर लगातार 24 घण्टे काम हो रहा है। प्राप्त शिकायतों को नेशनल ग्रेवियेंस सर्विसेज पोर्टल पर भी दर्ज किया जा रहा है। प्रत्येक जिले में कांटेक्ट सेन्टर के माध्यम से प्रतिदिन मॉनीटरिंग की जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को प्राप्त हो रही शिकायतों को भी डिजिटाइज कर समय.सीमा में उनका निराकरण किया जा रहा है। राजनैतिक दलों द्वारा की जा रही शिकायतों के संधारण हेतु प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट का अलग से मॉड्यूल तैयार किया गया है। इसके माध्यम से समस्त राजनैतिक दलों द्वारा की गई सभी प्रकार की शिकायतों के निराकरण की स्थिति उनके द्वारा वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

# पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर कमेटी के चुनाव 31 मार्च को

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 27 मार्च।** पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती बड़ा मंदिर मुरैना की प्रबंध कार्यकारिणी के गठन हेतु इन दिनों चुनाव प्रक्रिया चल रही है। जिसके तहत 31 मार्च को मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी।

निर्वाचन अधिकारी सुनील जैन ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया में अध्यक्ष पद के फार्म वापसी के पश्चात दो उम्मीदवार अनिल जैन व्याख्याता एवं पदमचंद्र जैन चैटा वाले शेष बचे हुए थे। 20 मार्च को पदमचंद्र जैन ने अनिल जैन को अपना समर्थन दे दिया है। जिसे लेकर अनिल जैन के समर्थकों द्वारा निर्वाचन अधिकारी के समक्ष आपत्ति दर्ज कराई थी। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए चुनाव न कराए जाने और अनिल जैन व्याख्याता को निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किए जाने की मांग की गई थी। निर्वाचन अधिकारी के अनुसार नियम अनुसार निर्विरोध अध्यक्ष घोषित नहीं किया जा सकता है। इसलिए सभी आपत्तियों को निरस्त करते हुए 31 मार्च को अध्यक्ष पद के लिए मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होने के बाद ही विजयी उम्मीदवार की घोषणा की जावेगी। निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया है।

## पोरसा में मारपीट की धाराओं में क्रॉस मामला दर्ज

**मुरैना, 27 मार्च।** पोरसा कस्बे की पुरानी बस्ती में रहने वाले जीशान खान 24 पुत्र सरफराज खान का मंगलवार को राशिद कुरेशी नि. जौटई रोड से झगड़ा हो गया। झगड़ें के दौरान राशिद ने जीशान की मारपीट कर डाली। इसी दौरान जीशान ने अपने साथियों फुरकान, थोनी कुरेशी के साथ मिलकर राशिद कुरेशी की मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर पुलिस ने मारपीट की धाराओं में क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है।





# दादी जानकी की पुण्यतिथि जागृति दिवस के रूप में मनाई

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/पोरसा, 27 मार्च।** कस्बा पोरसा के रामनगर स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र में पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी जानकी की चतुर्थ पुण्यतिथि बुधवार को वैश्विक आध्यात्मिक जागृति दिवस के रूप में मनाई गई।

**पोरसा स्थित ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय केन्द्र पर हुआ आयोजन**

इस मौके पर हुए कार्यक्रम में दतिया से पधारी ब्रह्माकुमारी दीपा दीदी ने दादी जानकी के जीवन पर विचार भी व्यक्त किए।

बहन दीपा दीदी ने कहा कि दादी जानकी 103 साल की उम्र में भी 12 घंटे विश्व की सेवा में सक्रिय रहीं। दुनिया के 140 देश में फैले प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशसिका दादी जानकी का जीवन अध्यात्म का प्रेरणापुंज है। उन्होंने बताया कि दादी जानकी को देश एवं विदेश में सेवा के दौरान भारत सहित कई देशों में अवार्डों से भी नवाजा गया। दादी जानकी ने योग की शक्ति से स्वयं को इतना सशक्त और भरपूर किया था कि जो भी उनके सानिध्य में आता वह प्रभावित हुए बिना रह नहीं पाता था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ब्रह्मकुमारी भाई और बहन उपस्थित थे।

## एक नजर में

### ताजपुर नहर की पुलिया पर कट्टा लेकर घूम रहा बदमाश पकड़ा



**मुरैना, 27 मार्च।** देवगढ़ थाने की पुलिस ने बुधवार को ताजपुर गांव की नहर की पुलिया के पास वारदात की नीयत से घूम रहे एक युवक को पकड़ा। तलाशी के दौरान पुलिस ने युवक के कब्जे से 315 बोर कट्टा और जिंदा राउण्ड जब्त किए। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर लिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी एसआई अरुण सिंह कुशवाह, एएसआई राकेश गोयल, मज्जू केवट, प्र.आर. चंद्रशेखर, आर. नरेन्द्र, अभिषेक, चंद्रवीर सिंह, विपिन शामिल थे।

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, मर्ग कायम

**मुरैना।** अंबाह थाना क्षेत्र के सराय में अरुण शर्मा के ट्यूबवैल पर 25 मार्च की रात को दशरथ आदिवासी 24 पुत्र मेहरबान आदिवासी निवासी शिवपुरी सो रहा था। 24 मार्च की सुबह जब उसके साथियों ने दशरथ को जगाने की कोशिश की तो नींद से नहीं जागा, अचेतावस्था में उसे नजदीकी अंबाह अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### बारे का पुरा में दो पक्षों में झगड़ा-मारपीट, क्रॉस कायमी

**मुरैना।** अंबाह थाना क्षेत्र के ग्राम बारे का पुरा में मंगलवार को दो पक्षों में झगड़ा हो गया। पुलिस के अनुसार झगड़े के दौरान रामदयाल सिंह तोमर 57 पुत्र मंगल सिंह नि. बारे का पुरा की शनि उर्फ अजय एवं अंकित पुत्रगण मूलचंद्र तोमर, मूलचंद्र तोमर ने मिलकर मारपीट की और धमकी भी दी। इसी दौरान रामदयाल के साथियों शैलेन्द्र तोमर, धीरेन्द्र तोमर, योगेन्द्र तोमर, जसवंत सिंह ने मूलचंद्र तोमर 50 पुत्र मंगल सिंह की मारपीट कर डाली। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर पुलिस ने मारपीट की धाराओं में क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है।

### कंस बध का मेला आज शहर में निकलेंगे कृष्ण बलदाऊ

**सबलगढ़।** कंस वध मेला आज सबलगढ़ हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी माँ अन्नपूर्णा देवी युवा मंडल सबलगढ़ द्वारा कंस वध मेले का आयोजन रखा गया है इसमें भगवान श्री कृष्ण एवं बलराम की झांकी अन्नपूर्णा मंदिर से चलकर शहर के मुख्य मार्गो संतर नंबर 1,2,3, 4,5 से होते हुए एमएस रोड होकर कृषि उपज मंडी में कंस वध किया जाएगा विदित है कि कई वर्षो से मां अन्नपूर्णा देवी युवा मंडल द्वारा हर वर्ष शहर में कंस बध मेला का आयोजन किया जाता है जिसमे ग्वाल बाल संग टोली लेकर श्रीकृष्ण और बलराम कंस का बध करते हैं जिस प्रांगण में कंस बध किया जाता है वहां शहर वासी अपनी अपनी दुकान चाट फल एवम बच्चो के खिलौने की बिक्री भी होती हैं इस कार्यक्रम में बच्चे बड़ चढ़ कर भाग लेते हैं।

# रंगों की भांति हम सभी को घुल-मिलकर रहना चाहिए : अनीता



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/अंबाह, 27 मार्च।** माथुर वैश्य ग्लोबल अम्बरीष क्लब अम्बाह द्वारा बीते वर्षों की भांति इस बार भी होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

समारोह में श्रीमती अनीता गुप्ता ने उपस्थित सभी सदस्याओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को रंगों की तरह एक-दूसरे से घुल-मिलकर रहना चाहिए, तभी हम समाज व देश-प्रदेश उन्नति कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि होली प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है। हमें पुराने अपनी सभी गिले-शिकवे भुलाकर इस त्योहार को एक-दूसरे के साथ प्रेमपूर्वक मनाना चाहिए। इस मौके पर भगवान राधा-कृष्ण पर नाटिका का भी मंचन किया गया। जिसमें सदस्याओं ने नृत्य व संगीत में अपना हुनर दिखाते हुए खूब धमाल मचाया। इस मौके पर प्रतियोगिताओं की विजेता सदस्याओं को पुरस्कार भी वितरित किए गए व स्वादिष्ट स्वल्पाहार के साथ समारोह का समापन किया गया।

# शराब पीने से रोका तो देवर-भाभी को पीटा, हालत गंभीर



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 27 मार्च।** घर के बाहर शराब का सेवन करने से रोका तो शराब पी रहे लोगों ने देवर और भाभी पर लाठी, डण्डों से हमला बोल दिया। हमले में देवर-भाभी को गंभीर चोटें आईं है। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के उत्तमपुरा में हुई घटना**

जानकारी के अनुसार स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के उत्तमपुरा इलाके में रहने वाले विनोद बाल्मीक के घर के सामने बुधवार की सुबह पड़ौस में रहने वाले महेश बाल्मीक वगैरह शराब पी रहे थे। विनोद के भाई राहुल बाल्मीक 40 पुत्र रामौतार ने उन्हें वहां शराब पीने से मना किया तो महेश ने अपने पुत्र गोलू, दामाद संजय सहित आधा दर्जन लोगों के साथ मिलकर लाठी, डण्डे और तलवार से लैस होकर उनके ऊपर हमला बोल दिया।

राहुल को बचाने के लिए उसकी भाभी सुनीता 45 पत्नी विनोद बाल्मीक मौके पर पहुंचीं तो आरोपियों ने उसकी भी मारपीट कर डाली। हमले में दोनों देवर-भाभी को गंभीर चोटें आईं है। उन्हें जिला अस्पताल के सर्जीकल वार्ड में भर्ती कराया गया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था।

## अंबाह में दो बदमाश पकड़े, 2 तमंचे, जिंदा राउण्ड जब्त

**मुरैना, 27 मार्च।** अंबाह पुलिस ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर से खजूरी नहर के पास से रामवीर जाटव पुत्र कोकसिंह जाटव नि. पालि का पुरा महुआ को पकड़ा। उसके पास से पुलिस ने 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा राउण्ड जब्त किए। एक अन्य कार्रवाई में अंबाह पुलिस ने पिनाहट रोड पर चुंगीनाका के पास से जोगेन्द्र सखवार पुत्र राजेश सखवार नि. पंचमपुरा ऐनो जिला भिण्ड को 315 बोर के तमंचा और एक जिंदा राउण्ड के साथ गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने आर्म्स एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर लिए है।

# आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन हो : कलेक्टर

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 27 मार्च।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिये आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थाना ने लोकसभा संसदीय क्षेत्र के लिये अधिकारियों, कर्मचारियों को स्पष्ट लिखित में निर्देश दिये है कि जिले में आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन हो।

आदर्श आचार संहिता में रैलीए जुलूस, सभा की अनुमति सिंगल विन्डो प्रक्रिया से ली जा सकेगी। उसमें पहले आओ पहले पाओ का नियम लागू रहेगा। लाउड स्पीकर की परमिशन लेनी पड़ेगी, जो प्रात: 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही दी जायेगी। पुतला दहन नहीं किया जायेगा। वाहनों की अनुमति एसेम्बली, सेगमेंट वार अनुविभागीय अधिकारियों से लेनी होगी। एक से अधिक एसेम्बलीय सेगमेंट की अनुमति अपर कलेक्टर द्वारा दी जाएगी।

## 46 क्वार्टर देशी शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

**मुरैना, 27 मार्च।** सबलगढ़ पुलिस ने मंगलवार को सचिन पुत्र दिलीप खटीक नि. सबलगढ़ को 22 क्वार्टर देशी शराब, बागचीनी पुलिस ने भूरा पुत्र तुलाराम कुशवाह नि. सावधान का पुरा बागचीनी को 24 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने आबकारी एक्ट के मामले दर्ज कर लिए है।


## आम सूचना

श्री केदार सिंह पुत्र श्री फेरन सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम पमाया, प.ह.नं.54, जनपद ब्लॉक, तहसील बामौर, जिला मुरैना (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र.448 एवं 449/1 ग्राम पमाया का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1250 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में-रास्ता 15 फुट चौड़ा, पश्चिम में-सम्पत्ति श्री हाकिम सिंह मास्टर, उत्तर में -सम्पत्ति श्री अशोक पाठक एवं दक्षिण में सम्पत्ति जाटव है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री केशव सिंह पुत्र श्री बाबू एवं श्री सियाराम पुत्र श्री रामस्वरूप एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री केशव सिंह एवं श्री सियाराम द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री केदार सिंह पुत्र श्री फेरन सिंह को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.4324 दिनांक 04.03.2013 से विक्रय की गई थी। श्री केदार सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार सेवा गृह ऋण लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरेपक्षकार के विरूद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**कार्या.- 4, सोमिल कॉम्प्लेक्स, इंकम टैक्स ऑफिस के बगल में सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं.- 98276-72710**

## आम सूचना

श्रीमती गुड्डी देवी पत्नी श्री रामनिवास के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित बिजली घर के पास, ग्राम जौरा खुर्द, भगत सिंह वार्ड, जिला मुरैना (म.प्र.) में है जो नगर पालिका मुरैना वार्ड क्र.47 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.1499/मिन-4 ग्राम जौरा खुर्द का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 650 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:-पूर्व में - सम्पत्ति नाई, पश्चिम में-रास्ता 15 फुट चौड़ा, उत्तर में-सम्पत्ति विक्रेता एवं दक्षिण में-सम्पत्ति यादव है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री गिरधारीलाल उर्फ गिरिधारी पुत्र श्री देवीराम, श्री श्यामसुन्दर एवं श्री राधाकृष्ण पुत्रगण श्री देवीराम एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री गिरधारीलाल उर्फ गिरिधारी द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती गुड्डी देवी पत्नी श्री रामनिवास को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी25792021ए1774574 दिनांक 10.09.2021 से विक्रय की गई थी। श्रीमती गुड्डी देवी द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान शुभम हाउसिंग डवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम, निकाय अथवा उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**कार्या.- 4, सोमिल कॉम्प्लेक्स, इंकम टैक्स ऑफिस के बगल में सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं.- 98276-72710**


# कैलारस के शेखपुर में फागोत्सव पर 500 साल से चली आ रही परंपरा, हुई नाल उठाओ प्रतियोगिता



**सुभाष गुप्ता**
**कैलारस, 27 मार्च।** होलिका दहन के होते ही फागोत्सव पूरे सोमवार को पूरे जिले में मनाया गया। रंग गुलाल अबीर के साथ लोगों ने होली का त्योहार मनाया लेकिन रंग गुलाल के साथ फगोस्तव अनूठे ढंग से मनाया जाता है यहां की महिलाएं 16 श्रृंगार करके सुबह गांव की परिक्रमा करती है व पुरुष नाल उठाओ प्रयोगिता में हिस्सा लेते है तब कहीं जाकर रंग गुलाल अबीर से होली खेलते है यहां की होली आस पास के क्षेत्र में प्रसिद्ध है।

**शेखपुर में आपदा रोकने श्रृंगार करती हैं महिलाएं**

**ढोल नगाड़ों के साथ शादी शुदा बेटी के द्वार पर पहुंचती है महिलाएं :** गांव की महिलाएं होली की पड़वा पर 16 श्रृंगार कर एक जगह एकत्रित होती है और पूरे गांव में 1 बजे के बाद परिक्रमा लगाती हैं इस दौरान गांव की ऐसी बेटी जिसकी शादी इसी साल होती है वह होली मानने मायके में ही आती है इस दौरान गांव की महिलाएं उसके दरवाजे पर सगुन गाती है व बेटी को भेट भी देती है इससे गांव में इकजुटता का एहसास होता है व गांव में सौहार्द भी बना रहता है। शेखपुर गांव के पूर्व सरपंच विशंभर त्यागी बताते है कि आज से 5 पीढ़ी (500वर्ष) पहले गांव में ओले पड़े थे तो विजय आनंद बाबा गंगाजी गए थे तो बाबा ने गांव वालों से कहा कि हमारे गांव पर ओले पड़ रहे है तो गांव वालो ने बाबा से कहा कि ओलो से बाबा बचाओ हमे तो बाबा ने कहा कि इन ओलो को में अपने खेत में डाल देता हूं और बाबा ने मंदिर वाले खेत में पूरे गांव के ओले डाल दिए जिस पर गांव वाले हस रहे कि बाबा तो गंगा जी है और बाबा के खेत को चौपट हो गयो। बाकी के गांव के पुरे खेत बच गए। बाबा ने गांव वालों से कहा कि जितना मेरा नुकसान हुआ है सभी गांव वाले थोड़ा थोड़ा करके उतना अनाज मुझे दे देना। जिसके बाद गांव वालों ने थोड़ा थोड़ा सहयोग करके बाबा के नुकसान की भरपाई कर दी। जब से आज तक इस गांव में ओले नहीं पड़े है। इससे पहले सिद्ध बाबा ने कहा कि इससे पहले गांव वालों से कहा कि अपने दामाद बेटी भानेजो को बुलाओ और उनका निमत्रण करो और उन्हें दोपहर में खाना खिलाओ। इसके बाद फाग कन्हैया के भजन करवाओ।

## नाल उठाओ प्रयोगिता में दूर दूर से आते हैं पहलवान

होली की पड़वा पर महिलाएं 16 श्रृंगार कर गांव की परिक्रमा करती है वहीं गांव के पुरुष व युवा नाल उठाओ प्रयोगिता का आयोजन करते है इसमें मुरैना सहित राजस्थान यूपी सहित दूर दराज के पहलवान शामिल होकर अपना दमखम दिखाते हैं यहां पर 74 किलो से लेकर 123 किलो तक की नाल रहती है जिसमें 4100 से लेकर 11000 रूपये तक की इनाम रखी जाती है।